www.sgbauonline.com

**AU–2054**

**B.A. (Part-I) Semester-II Examination**

**(Modern Indian Language)**

**HINDI (Compulsory)**

समय : तीन घंटे] [पूर्णांक : 80

**नोट :— सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

1. (अ) दीर्घोत्तरी प्रश्न :

' 'बहू की विदा' एकांकी दहेज व्यवस्था पर करारा व्यंग्य है।' लिखिये।

**अथवा**

"चारों पुरुषार्थ को अर्थ देने वाला पंचम भक्ति रूप पुरुषार्थ भी गंगा है।" पठित निबंध के आधार पर प्रस्तुत कथन की सार्थकता सिद्ध कीजिये। 8

(आ) लघुत्तरी प्रश्न (किन्हीं **दो** का उत्तर लिखिये) :

(1) 'सांझ की बेला : पंछी अकेला' में दो पीढ़ियों की सोच के अन्तर को स्पष्ट किया गया है। समझाइये।

(2) नीलकंठ की विशेषताएं शब्दांकित कीजिये।

(3) 'भाषा की गुलामी की स्थिति में आचरण का मोल नहीं रहेगा' ऐसा लेखक क्यों कहते हैं ? लिखिये।

(4) भोलाराम का जीव स्वर्ग क्यों नहीं जाता ? मीमांसा कीजिये। 2×4=8

2. किन्हीं **दो** कविताओं का केन्द्रीय भाव लिखिये :

(1) माँ

(2) उनको प्रणाम !

(3) हो गई है पीर पर्वत-सी

(4) फसल। 8×2=16

3. किन्हीं **दो** दीर्घोत्तरी प्रश्नों के उत्तर दीजिये :

(1) कार्यालयीन हिंदी के महत्व को रेखांकित कीजिये।

(2) प्रारूपण की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए प्रारूपण का उदाहरण लिखिये।

(3) टिप्पण के महत्व को स्पष्ट करते हुए टिप्पण का प्रारूप तैयार कीजिये।

(4) बीमा अधिकारी को अपने पते में परिवर्तन करने हेतु एक पत्र लिखिये। 8×2=16



www.sgbauonline.com

www.sgbauonline.com

4. व्यावहारिक भाषा एवं व्याकरण :

(1) तद्भव की परिभाषा लिखते हुए कोई दो तद्भव शब्द लिखिये। 2

(2) तत्सम शब्द किसे कहते हैं ? दो तत्सम शब्द लिखिये। 2

(3) प्रादेशिक का अर्थ स्पष्ट करते हुए दो प्रादेशिक शब्द के उदाहरण लिखिये। 2

(4) आगत शब्द किसे कहते हैं ? भाषा में उनका महत्व स्पष्ट कीजिये। 2

(5) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिये (कोई चार)

(i) आँखे लाल करना

(ii) ईद का चाँद होना

(iii) एक पंथ दो काज

(iv) कलेजा ठंडा होना

(v) पसीना-पसीना होना

(vi) दाँतों तले अंगुली दबाना। 1×4=4

(6) निम्नलिखित कहावतों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिये (कोई चार) :

(i) अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ता

(ii) अपने मुँह-मियाँ मिट्ठू

(iii) आधा तीतर आधा बटेर

(iv) ऊँची दुकान, फीका पकवान

(v) घर का भेदी लंका ढाये

(vi) साँप भी मरे और लाठी भी न टूटे। 1×4=4

5. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ एवं अतिलघूत्तरी प्रश्नों के सटीक उत्तर लिखिये :

(1) महादेवी वर्मा ने मोरनी का नाम क्या रखा था ?

(2) जीवनलाल प्रमोद से बकाया दहेज की कितनी रकम की मांग करते हैं ?

(i) दस हजार (ii) सात हजार

(iii) पांच हजार (iv) पंद्रह हजार

(3) 'सिव सिर मालति माल' किस विधा की रचना है ?

(i) कहानी (ii) एकांकी

(iii) ललित निबंध (iv) व्यंग्य



www.sgbauonline.com

www.sgbauonline.com

(4) 'सांझ की बेला : पंछी अकेला' कहानी के लेखक का नाम लिखिये।

(5) भोलाराम का जीव ने कितने दिनों पहले देह त्यागी थी ?

(i) दो (ii) तीन

(iii) चार (iv) पाँच

(6) कभी-कभी चोट भी ______ का काम कर जाती है।

(i) जख्म (ii) दवा

(iii) मरहम (iv) क्रोध

(7) पाठ्यक्रम में पठित हरिवंशराय बच्चन की कविता का नाम लिखिये।

(8) भोलाराम का जीव कहां अटका हुआ था ?

(9) राजर्षि पुरुषोत्तमदास टंडन के अनुसार हिन्दी ______ है।

(i) संयोजक भाषा (ii) अंग्रेजों की भाषा

(iii) असंयोजक भाषा (iv) इनमें से कोई नहीं

(10) दुष्यंत कुमार का नाम काव्य के किस विधा में शीर्ष माना जाता है ?

(i) निबंध (ii) उपन्यास

(iii) गझल (iv) इनमें से कोई नहीं

(11) हिन्दी के पास लगभग ______ शब्द हैं।

(i) सात हजार (ii) सत्तर हजार

(iii) सात लाख (iv) उपरोक्त सभी

(12) विदेशी महिलाओं द्वारा 'परफैक्ट जेन्टिलमैन' की उपाधि किसे प्राप्त हुई थी ?

(13) 'बहू की विदा' एकांकी के लेखक ______ हैं।

(14) 'सिव सिर मालति माल' निबंध में ______ नदी की सौंदर्य एवं महत्ता को उद्घाटित किया गया है।

(15) ज्ञापन की शीट के ऊपर 'ज्ञापन' लिखा होता है। (यह कथन सत्य/असत्य है)

(16) मुहावरा को 'वाग्धारा' भी कहते हैं। (यह कथन सत्य/असत्य है)

1×16=16



www.sgbauonline.com

www.sgbauonline.com

www.sgbauonline.com